# IBPS SO राजभाषा अधिकारी प्रैक्टिस सेट

**निर्देश(1-5) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

योग एक प्राचीन कला है जिसकी उत्पत्ति भारत में लगभग 6000 साल पहले हुई थी। पहले समय में, लोग अपने दैनिक जीवन में योग और ध्यान, पूरे जीवनभर स्वस्थ और ताकतवर बने रहने के लिए किया करते थे। फिर भी, इस भीड़ वाले व्यस्त वातावरण में योग करना दिन प्रति दिन कम होता जा रहा है। योग बहुत ही सुरक्षित क्रिया है और किसी के भी द्वारा किसी भी समय की जा सकती है, यहाँ तक कि इससे बच्चे भी लाभ ले सकते हैं। योग वह क्रिया है, जिसके अन्तर्गत शरीर के विभिन्न भागों को एक साथ लाकर शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को सन्तुलित करने का एक अभ्यास है। पहले समय में, योग का अभ्यास ध्यान की क्रिया के साथ किया जाता था।

बिना किसी समस्या के जीवन भर तंदरुस्त रहने का सबसे अच्छा, सुरक्षित, आसान और स्वस्थ तरीका योग है। इसके लिए केवल शरीर के क्रियाकलापों और श्वास लेने के सही तरीकों का नियमित अभ्यास करने की आवश्यकता है। यह शरीर के तीन मुख्य तत्वों; शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के बीच संपर्क को नियमित करना है। यह शरीर के सभी अंगों के कार्यकलाप को नियमित करता है और कुछ बुरी परिस्थितियों और अस्वास्थ्यकर जीवन-शैली के कारण शरीर और मस्तिष्क का परेशानियों से बचाव करता है। यह स्वास्थ्य, ज्ञान और आन्तरिक शान्ति को बनाए रखने में मदद करता है। अच्छे स्वास्थ्य प्रदान करने के द्वारा यह हमारी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करता है, ज्ञान के माध्यम से यह मानसिक आवश्यकताओं को पूरा करता है और आन्तरिक शान्ति के माध्यम से यह आत्मिक आवश्यकता को पूरा करता है, इस प्रकार यह हम सभी के बीच सामंजस्य बनाए रखने में मदद करता है। सुबह को योग का नियमित अभ्यास हमें अनगिनत शारीरिक और मानसिक तत्वों से होने वाली परेशानियों को दूर रखने के द्वारा बाहरी और आन्तरिक राहत प्रदान करता है। योग के विभिन्न आसन मानसिक और शारीरिक मजबूती के साथ ही अच्छाई की भावना का निर्माण करते हैं। यह मानव मस्तिष्क को तेज करता है, बौद्धिक स्तर को सुधारता है और भावनाओं को स्थिर रखकर उच्च स्तर की एकाग्रता में मदद करता है। अच्छाई की भावना मनुष्य में सहायता की प्रकृति का निर्माण करती है और इस प्रकार, सामाजिक भलाई को बढ़ावा देती है। एकाग्रता के स्तर में सुधार ध्यान में मदद करता है और मस्तिष्क को आन्तरिक शान्ति प्रदान करता है। योग प्रयोग किया गया दर्शन है, जो नियमित अभ्यास के माध्यम से स्व-अनुशासन और आत्म जागरुकता को विकसित करता है। योग का अभ्यास किसी के भी द्वारा किया जा सकता है, क्योंकि आयु, धर्म या स्वास्थ्य परिस्थितियों से परे है। यह अनुशासन और शक्ति की भावना में सुधार के साथ ही जीवन को बिना किसी शारीरिक और मानसिक समस्याओं के स्वस्थ जीवन का अवसर प्रदान करता है। पूरे संसार में इसके बारे में जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने, संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य बैठक में 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाने की घोषणा करने का सुझाव दिया था, ताकि सभी योग के बारे में जाने और इसके प्रयोग से लाभ लें। योग भारत की प्राचीन परम्परा है, जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी और योगियों के द्वारा तंदरुस्त रहने और ध्यान करने के लिए इसका निरन्तर अभ्यास किया जाता है। नित जीवन में योग के प्रयोग के लाभों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा ने 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस या विश्व योग दिवस के रुप में मनाने की घोषणा कर दी है।

हम योग से होने वाले लाभों की गणना नहीं कर सकते हैं, हम इसे केवल एक चमत्कार की तरह समझ सकते हैं, जिसे मानव प्रजाति को भगवान ने उपहार के रुप में प्रदान किया है। यह शारीरिक तंदरुस्ती को बनाए रखता है, तनाव को कम करता है, भावनाओं को नियंत्रित करता है, नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करता है और भलाई की भावना, मानसिक शुद्धता, आत्म समझ को विकसित करता है साथ ही प्रकृति से जोड़ता है।

**Q1. गद्यांश के अनुसार, योग की क्रिया के अंतर्गत शरीर के विभिन्न भागों अर्थात  शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के समन्वय का परिणाम होता है:**

(a) ध्यान्केंद्रण

(b)  सन्तुलन

(c) सुनियोजन

(d) विखंडन

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. पहले के समय में, योग का अभ्यास किस क्रिया के साथ किया जाता था?**

(a) शारीरिक क्रिया

(b) मनोविकार की क्रिया

(c) परोपकार की क्रिया

(d) ध्यान की क्रिया

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3. गद्यांश के अनुसार, योग शरीर के तीन मुख्य तत्वों; शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के मध्य क्या करता है?**

(a) संपर्क को समन्वित करता है।

(b) इनमें से कोई नहीं

(c) संपर्क को प्रभावित करता है।

(d) संपर्क को सहज करता है।

(e) संपर्क को नियमित करता है।

**Q4. गद्यांश के अनुसार, योग  आन्तरिक शान्ति के माध्यम से किस आवश्यकता को पूरा करता है?**

(a) मानसिक आवश्यकता

(b) आत्मिक आवश्यकता

(c) शारीरिक आवश्यकता

(d) सांसारिक आवश्यकता

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q5. गद्यांश के अनुसार, योग मनुष्य को किससे जोड़ता है?**

(a) इनमें से कोई नहीं

(b) समाज से,

(c) संस्कृति से,

(d) मनुष्य से,

(e) प्रकृति से,

**निर्देश (06-10) नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी रहित है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटीरहित' दीजिए।**

Q6.पश्चिमी देशों के विचारक चाहे जो कहें (a)/ पर हम भारतीयों का (b)/ आज भी यही मानना है (c)/ कि हमें सेवा कार्य को अधिक प्राथमिकता देनी चाहिए (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q7. आधुनिक युग में राष्ट्र और समाज (a)/ के जीवन में (b)/ समाचार पत्रों का विशिष्ट स्थान है क्योंकि वे (c)/देश की सभ्यता के मानदण्ड बन सकते हैं। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q8. तुष्टीकरण करने की नीति अपनाकर (a)/ न व्यक्ति आगे बढ़ (b)/ सकता है (c)/ और न राष्ट्र। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q9. इस उपन्यासकार ने सामाजिक (a)/ कुरीतियों के निवारण, (b)/ सामाजिक नैतिकता के खोखलेपन, बौद्धिकता तथा यान्त्रिकता में निहित कृत्रिमता (c)/ आदि उद्देश्य को लेकर उपन्यासों कि रचना की है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q10. कालेज कार्य से (a)/ फलस्वरूप प्राय: मुझे कभी इस (b)/ आफिस में कभी उस आफिस में (c)/ जाना पड़ता है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

**निर्देश(11-15) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो रिक्त स्थान छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। इनमें से कोई दो उन रिक्त स्थानों पर रख देने से वह वाक्य एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाता है। सही शब्द ज्ञात कर उसके विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित कीजिए, दिए गए शब्दों में से सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों का चयन कीजिए।**

**Q11. वैज्ञानिक प्रकृति के बाह्य रूप का _______ करता है और सत्य की खोज करता है, परन्तु कवि बाह्य रूप पर ________होकर भावों का तादात्म्य स्थापित करता है।**

(a) दर्शन, प्रसन्न

(b) परीक्षण, स्तब्ध

(c) अवलोकन, मुग्ध

(d) अवशोषण, स्थिर

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12. पश्चिम की प्रोद्योगिकी और पूर्व की धर्मचेतना का ________ लेकर ही नई मानव संस्कृति का ________ संभव है।**

(a) सामंजस्य, विस्तार

(b) सर्वश्रेष्ठ, निर्माण

(c) परिवर्तन, विकल्प

(d) संकलन, संकुचन

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13. आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र की स्थिति पा चुके हैं, राष्ट्र की _______विशेषताओं में दो हमारे पास हैं, भौगोलिक ________ और सांस्कृतिक एकता।**

(a) पारिभाषिक, संकल्पना

(b) अनावश्यक, स्थिति

(c) प्रमुख, विविधता

(d) अनिवार्य, अखंडता

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q14. हमारे विचार में भारत के लिए और सारे संसार के लिए सुख और _______ का एक ही रास्ता है और वह है ________ और आत्मवाद का।**

(a) शांति, अहिंसा

(b) आध्यात्म, परमात्मा

(c) दुःख, हिंसा

(d) संपन्नता, पूंजीवाद

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q15. मानव समुदाय अपनी संवेदनाओं, भावनाओं एवं विचारों की ________ हेतु भाषा का साधन अपरिहार्यत: अपनाता है, इसके _______ उसके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है।**

(a) स्तुति, साथ

(b) अनुभूति, विपरीत

(c) अभिव्यक्ति, अतिरिक्त

(d) अभिव्यंजना, समक्ष

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (16 से 20): नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको उस विकल्प का चयन करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।**

पर्यावरण का मतलब है सभी प्राकृतिक परिवेश जैसे की भूमि, वायु, जल, पौधें, पशु, ठोस सामग्री, कचरा, धूप, जंगल और अन्य वस्तु। स्वस्थ वातावरण प्रकृति के **(16)** को बनाए रखता है और साथ ही साथ पृथ्वी पर सभी जीवित चीजों को बढ़ने, पोषित और विकसित करने में मदद करता है। हालांकि अब कुछ तकनीकी उन्नति परिणाम स्वरुप मानव **(17)** चीजे वातावरण को कई प्रकार से विकृत कर रहीं हैं जोकि अंततः प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ रही है। हम अपने जीवन को साथ ही साथ इस ग्रह पर भविष्य में जीवन के **(18)** को खतरे में डाल रहे हैं। यदि हम प्रकृति के अनुशासन के खिलाफ गलत तरीके से कुछ भी करते हैं तो ये पूरे वातावरण के माहौल जैसे की वायु-मंडल, जलमंडल और स्थलमंडल को अस्तव्यस्त करती है। प्राकृतिक वातावरण के अलावा, मानव निर्मित वातावरण भी मौजूद है जो की प्रौद्योगिकी, काम के माहौल, सौंदर्यशास्त्र, परिवहन, आवास, सुविधाएं और शहरीकरण के साथ सम्बंधित है। मानव निर्मित वातावरण काफी हद तक प्राकृतिक वातावरण को **(19)** करता है जिसे हम सभी एकजुट होकर बचा सकते हैं। प्राकृतिक वातावरण के घटक संसाधन के रूप में उपयोग किया जाता है हालाँकि कुछ बुनियादी भौतिक जरूरतों और जीवन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए इंसान द्वारा इसका शोषण किया जाता है। हमें हमारे प्राकृतिक संसाधनों को चुनौती नहीं देनी चाहिए और पर्यावरण में इतना प्रदूषण या अपशिष्ट डालने में रोक लगानी चाहिए। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों को महत्व देना चाहिए और प्राकृतिक अनुशासन के तहत उन्हें **(20)** करना चाहिए।

Q16. (a) उद्भव (b) सृजन (c) संतुलन

(d) उत्थान (e) इनमें से कोई नहीं

Q17. (a) संबंधित (b) पोषित (c) उपयोगी

(d) निर्मित (e) इनमें से कोई नहीं

Q18. (a) अतीत (b) विस्तार (c) अस्तित्व

(d) प्राणतत्व (e) इनमें से कोई नहीं

Q19. (a) प्रभावित (b) सम्मिलित (c) प्रवाहित

(d) प्रयोग (e) इनमें से कोई नहीं

Q20. (a) समझना (b) पुरस्कृत (c) इस्तेमाल

(d) विकृत (e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (21-25): निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक अंग्रेजी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से हिंदी शब्द का पर्याय है।**

Q21. कार्यान्वयन

(a) Acerbity

(b) Degenerate

(c) Implementation

(d) corroborate

(e) इनमें से कोई नहीं

Q22. किफायती

(a) Extravagant

(b) Economical

(c) Feisty

(d) Indolent

(e) इनमें से कोई नहीं

Q23.गठबंधन

(a) Impenitent

(b) Presumptuous

(c) segregation

(d) Coalition

(e) इनमें से कोई नहीं

Q24. धर्मनिरपेक्ष

(a) Simplistic

(b) Severity

(c) Secular

(d) Solicitious

(e) इनमें से कोई नहीं

Q25.मानदेय

(a) Honorarium

(b) Astringent

(c) Choleric

(d) Gumption

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (26-30): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी का वाक्य दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस हिंदी वाक्य के चार अंग्रेजी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।**

**Q26. हमें बैंक में खाता खोलने के लिए न्यूनतम धनराशि जमा करनी पड़ती है।**

(a) We Have deposited a minimum amount to open a bank account.

(b) We should deposit a minimum amount to open a bank account.

(c) We have to deposit a minimum amount to open a bank account

(d) We should have to deposit a minimum amount to opening a bank account.

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q27. विशेष योजनाएं एवं कार्यक्रम गाँव की तरक्की के लिए तैयार होने चाहिए।**

(a) Special plans and programmes should be drawn up for the development of villages.

(b) Special plan and programme must be drawn up for the development of villages.

(c) Special plans and programme must drawn up for the development of villages.

(d) Special plans and programmes should draw up for the development of villages.

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28. हम लोग शांति-सुरक्षा की गिरती व्यवस्था देखकर चिंतित है।**

(a) We have worried about the deteriorating law and order situation.

(b) We are worried for the deteriorated law and order situation.

(c) We are worried about the deteriorated law and order situation.

(d) we are worried with the poor law and order situation.

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q29. शिक्षा ही मनुष्य को जानवरों से अलग करती है।**

(a) Education distinguishes man from animals.

(b) It has been education that distinguishes man from animals.

(c) It is education that distinguish man from animals.

(d) It is education that distinguishes man from animals.

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q30. अपनी गलतियों को समझकर ठीक कदम उठाना देश की सबसे बड़ी सेवा होगी।**

(a) The great service to the nation will be to realise our mistakes and then take right steps.

(b) The great service for the nations will be realising our mistakes and then take right steps.

(c) The greatest service to the nation will be to realise our mistakes and then take right steps.

(d) Greatest service to the nation will be to realise our mistakes and then taking right steps.

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश(31-35) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक हिंदी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से अंग्रेजी शब्द का पर्याय है।**

Q31. Amalgamate

(a) पृथक्करण

(b) अनभिज्ञ

(c) मिलाना

(d) परितोष

(e) इनमें से कोई नहीं

Q32. Biennial report

(a) वार्षिक रिपोर्ट

(b) द्विवार्षिक रिपोर्ट

(c) विवेचन रिपोर्ट

(d) संभाव्य रिपोर्ट

(e) इनमें से कोई नहीं

Q33. Imperative

(a) उदात्त

(b) मार्मिक

(c) असंगठित

(d) अनिवार्य

(e) इनमें से कोई नहीं

Q34. Industrious

(a) संकीर्ण

(b) अदम्य

(c) संकल्पना

(d) परिश्रमी

(e) इनमें से कोई नहीं

Q35. Perpetual

(a) शाश्वत

(b) माधुर्य

(c) क्षणिक

(d) सांस्कृतिक

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (36-40): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी का वाक्य या वाक्य खण्ड दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस अंग्रेजी वाक्य के चार हिंदी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।**

**Q36.To avail Central Government health services it is mandatory for the central government employee to apply for medical facility card.**

(a) केन्द्रीय सरकार की स्वास्थ्य सुवधाएँ प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी को स्वास्थ्य सेवा कार्ड हेतु अनुरोध करना अवाश्यक होगा।

(b) केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त करने वाले केन्द्रीय कर्मचारी को स्वास्थ्य सेवा कार्ड पर आवेदन करना आवश्यक होगा।

(c) केन्द्रीय सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी को स्वास्थ्य सेवा कार्ड हेतु आवेदन करना आवश्यक है।

(d) केंद्र सरकार की स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने हेतु केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी को स्वास्थ्य सेवा कार्ड प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q37. The persons, who have left their study due to some reasons, get an opportunity to complete their studies with the help of distance educations.**

(a) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी शिक्षा पूरी करते हैं।

(b) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा की सहायता से अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर पाते हैं।

(c) दूरस्थ शिक्षा की सहायता से उन लोगों को शिक्षा पूरी करने का मौका मिल जाता है जो किसी कारण से अपनी शिक्षा छोड़ चुके होते हैं। यह शिक्षा की तरफ सरकार का कुछ प्रयास है।

(d) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा से अपनी शिक्षा पूरी करने की सहायता पाते हैं।

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q38. Fourth class Government Employee receives both uniform allowance and stitching allowance annually.**

(a) चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी को वर्दी भत्ता और सिलाई भत्ता दोनों सालाला मिलता है।

(b) चतुर्थ कक्षा पास सरकारी कर्मचारी को वर्दी भत्ता तथा सिलाई भत्ता साल भर मिलता है।

(c) चतुर्थ श्रेणी सरकारी अधिकारी को वर्दी भत्ता तथा सिलाई भत्ता सालाना मिलता है।

(d) चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारियों को सालाना वर्दी भत्ता तथा सिलाई भत्ता दिया जाता है।

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q39. Every Indian citizen who is above the age of 18 years, has the constitutional right to vote.**

(a) प्रत्येक भारतवंशी जो 18 वर्ष की आयु से अधिक हो, उसे संविधान के लिए वोट करने का अधिकार है।

(b) हर देशवासी जो 18 वर्ष की आयु से अधिक आयु का हो उसको मतदान करना संवैधानिक आवश्यकता है।

(c) हर भारतवासी जो 18 वर्ष की आयु से अधिक का हो उसको मतदान करने का संवैधानिक अधिकार है।

(d) प्रत्येक भारतवंशी जो 18 वर्ष की आयु से अधिक हो उसको मत प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है।

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q40. The officials who were assigned duties in elections, they were trained by the training officer priors to elections.**

(a) चुनाव में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उन्हें चुनाव से पूर्व शिक्षाधिकारी द्वारा शिक्षित किया गया।

(b) चुनाव में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई उन्हें चुनाव से पूर्व प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

(c) चुनाव में जिन कर्मचारियों को ड्यूटी अनुमत की गई थी, उन्हें चुनाव से पूर्व निरिक्षण अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

(d) चुनाव में जिन अधिकारीयों की ड्यूटी लगाई गई थी उन्हें चुनाव से पूर्व प्रशिक्षण अधिकारी ने प्रशिक्षण दिया।

(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश(41-45) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

एक बार श्री कृष्ण और अर्जुन भ्रमण पर निकले तो उन्होंने मार्ग में एक निर्धन ब्राह्मण को भिक्षा माँगते देखा। अर्जुन को उस पर दया आ गयी और उन्होंने उस ब्राह्मण को स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक पोटली दे दी। जिसे पाकर ब्राह्मण प्रसन्नता पूर्वक अपने सुखद भविष्य के सुन्दर स्वप्न देखता हुआ घर लौट चला।

किन्तु उसका दुर्भाग्य उसके साथ चल रहा था, राह में एक लुटेरे ने उससे वो पोटली छीन ली। ब्राह्मण दुखी होकर फिर से भिक्षावृत्ति में लग गया। अगले दिन फिर अर्जुन की दृष्टि जब उस ब्राह्मण पर पड़ी तो उन्होंने उससे इसका कारण पूछा। ब्राह्मण ने सारा विवरण अर्जुन को बता दिया, ब्राह्मण की व्यथा सुनकर अर्जुन को फिर से उस पर दया आ गयी अर्जुन ने विचार किया और इस बार उन्होंने ब्राह्मण को मूल्यवान एक माणिक दिया। ब्राह्मण उसे लेकर घर पहुंचा उसके घर में एक पुराना घड़ा था जो बहुत समय से प्रयोग नहीं किया गया था, ब्राह्मण ने चोरी होने के भय से माणिक उस घड़े में छुपा दिया। किन्तु उसका दुर्भाग्य, दिन भर का थका मांदा होने के कारण उसे नींद आ गयी..., इस बीच ब्राह्मण की स्त्री नदी में जल लेने चली गयी किन्तु मार्ग में ही उसका घड़ा टूट गया, उसने सोचा, घर में जो पुराना घड़ा पड़ा है उसे ले आती हूँ, ऐसा विचार कर वह घर लौटी और उस

पुराने घड़े को ले कर चली गई और जैसे ही उसने घड़े को नदी में डुबोया वह माणिक भी जल की धारा के साथ बह गया। ब्राह्मण को जब यह बात पता चली तो अपने भाग्य को कोसता हुआ वह फिर भिक्षावृत्ति में लग गया। अर्जुन और श्री कृष्ण ने जब फिर उसे इस दरिद्र अवस्था में देखा तो जाकर उसका कारण पूछा। सारा वृतांत सुनकर अर्जुन को बड़ी हताशा हुई और मन ही मन सोचने लगे इस अभागे ब्राह्मण के जीवन में कभी सुख नहीं आ सकता। अब यहाँ से प्रभु की लीला प्रारंभ हुई। उन्होंने उस ब्राह्मण को दो पैसे दान में दिए। तब अर्जुन ने उनसे पुछा "प्रभु मेरी दी मुद्राएँ और माणिक भी इस अभागे की दरिद्रता नहीं मिटा सके तो इन दो पैसो से इसका क्या होगा" ? यह सुनकर प्रभु बस मुस्कुरा भर दिए और अर्जुन से उस ब्राह्मण के पीछे जाने को कहा। रास्ते में ब्राह्मण सोचता हुआ जा रहा था कि :-"दो पैसो से तो एक व्यक्ति के लिए भी भोजन नहीं आएगा प्रभु ने उसे इतना तुच्छ दान क्यों दिया ? प्रभु की यह कैसी लीला है "? ऐसा विचार करता हुआ वह चला जा रहा था उसकी दृष्टि एक मछुवारे पर पड़ी, उसने देखा कि मछुवारे के जाल में एक मछली फँसी है, और वह छूटने के लिए तड़प रही है। ब्राह्मण को उस मछली पर दया आ गयी। उसने सोचा "इन दो पैसो से पेट की आग तो बुझेगी नहीं। क्यों न इस मछली के प्राण ही बचा लिए जाये"। यह सोचकर उसने दो पैसो में उस मछली का सौदा कर लिया और मछली को अपने कमंडल में डाल लिया। कमंडल में जल भरा और मछली को नदी में छोड़ने चल पड़ा। तभी मछली के मुख से कुछ निकला। उस निर्धन ब्राह्मण ने देखा, वह वही माणिक था जो उसने घड़े में छिपाया था। ब्राह्मण प्रसन्नता के मारे चिल्लाने लगा "मिल गया, मिल गया "..!!! तभी भाग्यवश वह लुटेरा भी वहाँ से गुजर रहा था जिसने ब्राह्मण की मुद्राएँ लूटी थी। उसने ब्राह्मण को चिल्लाते हुए सुना " मिल गया मिल गया " लुटेरा भयभीत हो गया। उसने सोचा कि ब्राह्मण उसे पहचान गया है और इसीलिए चिल्ला रहा है, अब जाकर राज दरबार में उसकी शिकायत करेगा। इससे डरकर वह ब्राह्मण से रोते हुए क्षमा मांगने लगा। और उससे लूटी हुई सारी मुद्राएँ भी उसे वापस कर दी। यह देख अर्जुन प्रभु के आगे नतमस्तक हुए बिना नहीं रह सके।

अर्जुन बोले, प्रभु यह कैसी लीला है? जो कार्य थैली भर स्वर्ण मुद्राएँ और मूल्यवान माणिक नहीं कर सका वह आपके दो पैसो ने कर दिखाया। श्री कृष्णा ने कहा "अर्जुन यह अपनी सोच का अंतर है, जब तुमने उस निर्धन को थैली भर स्वर्ण मुद्राएँ और मूल्यवान माणिक दिया तब उसने मात्र अपने सुख के विषय में सोचा। किन्तु जब मैंने उसको दो पैसे दिए। तब उसने दूसरे के दुःख के विषय में सोचा। इसलिए हे अर्जुन-सत्य तो यह है कि, जब आप दूसरों के दुःख के विषय में सोचते हैं, जब आपके मन में परोपकार की भावना होती है और आप दूसरे का भला कर रहे होते हैं, तब आप ईश्वर का कार्य कर रहे होते हैं, और तब ईश्वर आपके साथ होते हैं।"

**Q41. अर्जुन ने ब्राह्मण को जो स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक पोटली दी थी, उसे किसने छीन लिया?**

(a) श्री कृष्ण ने

(b) मछुवारे ने

(c) राजा ने

(d) लुटेरे ने

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q42. ब्राह्मण ने चोरी होने के भय से माणिक किसमे छुपा दिया?**

(a) घड़े में,

(b) मर्तबान में,

(c) वस्त्रों में

(d) कोठरी में

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q43. कृष्ण ने उस निर्धन ब्राह्मण को दान में क्या दिया?**

(a) माणिक

(b) स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक पोटली

(c) इनमें से कोई नहीं

(d) चाँदी की मुद्राओं से भरी एक पोटली

(e) दो पैसे

**Q44. लुटेरे ने ब्राह्मण से जो मुद्राएँ लूटी थी, उसे किस कारण ब्राह्मण को वापस कर दी?**

(a) ब्राह्मण द्वारा उसे पहचाने जाने के भय से,

(b) हृदय परिवर्तन के कारण,

(c) परोपकार की भावना के कारण,

(d) श्री कृष्ण के कहने पर,

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q45. गद्यांश के अनुसार, व्यक्ति को किस कारण से सुखों की प्राप्ति होने लगती है?**

(a) परोपकार की भावना से,

(b) दूसरों का धन छिनने से,

(c) द्वेष की भावना से,

(d) ईश्वर भक्ति से,

(e) इनमें से कोई नहीं